# डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बढ़ाया मदद का हाथ, बेसहारा बच्चों को योजनाओं से जोड़ा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन उस समय भावुक हो उठा जब जिंदगी की कठिनाइयों से जूझते कुछ परिवार अपनी आखिरी उम्मीद लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के सामने पहुंचे। किसी के सिर से पिता का साया उठ चुका था तो कोई गंभीर बीमारी से जूझते हुए अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित था। ऐसे में जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए 10 बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाई। जनता दर्शन के दौरान ग्राम पनवड़िया के सुखवासी सिंह अपने बेटे मयंक को लेकर पहुंचे और उसके भविष्य की चिंता जताई। वहीं ग्राम रजपुरा मिलक के भगवान दास अपने बेटे आयुष के साथ पहुंचे। इसी तरह सब्बू अपनी बेटी तब्बानूर को लेकर आए। इन परिवारों में कमाने वाला कोई नहीं बचा है, जिससे बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई थी।

माहौल तब और भावुक हो गया जब देवेन्द्र कौर अपने दो बेटों लवप्रीत और भीमसेन के साथ जिलाधिकारी के सामने पहुंचीं। पति के असामयिक निधन के बाद अकेले बच्चों का पालन-पोषण करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। हालात सुनकर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी को इन बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी दौरान श्रीमती लता भी अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं। पति के निधन और खुद की बीमारी के कारण उनके बच्चों डिग्गू और काव्या का भविष्य संकट में नजर आ रहा था। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें विडो पेंशन योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उनके दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए। जिला प्रशासन की पहल पर छह बच्चों को केंद्र सरकार की स्कीम से जोड़ा गया, जिसके तहत अब उनके खातों में शिक्षा और पालन-पोषण के लिए प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं बिचौला मिलक के अनम बी और मौनिस रजा समेत अन्य बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से आच्छादित किया गया, जिसके तहत उन्हें प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान एक भावुक पल तब आया जब जिलाधिकारी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें अपने हाथों से स्कूल बैग, कॉपी और किताबें भेंट कीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र बच्चों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में आए ये परिवार जब कलेक्ट्रेट से लौटे तो उनकी आंखों में उम्मीद और चेहरों पर राहत की मुस्कान साफ दिखाई दे रही-

### निजी स्कूलों को डीएम की सख्त चेतावनी

# नियमों के तहत ही लें फीस, तय दुकानों से खरीदारी का दबाव न बनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और तय दुकानों से किताबें व ड्रेस खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में डीएम ने निजी विद्यालयों के प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूल शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही फीस वसूल करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विद्यालय को अभिभावकों से अतिरिक्त या अनियमित शुल्क लेने की अनुमति नहीं है। यदि किसी स्कूल द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए अधिक फीस वसूली जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीएम ने पाठ्य पुस्तकों और स्कूल ड्रेस को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें मिली हैं कि कुछ स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को विशेष दुकानों से ही किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अभिभावकों को किसी भी दुकान से खरीदारी करने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस मानकों के अनुसार होनी चाहिए और वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही वाहनों में सुरक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा में कोई लापरवाही न हो। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी तथा विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और अभिभावकों की शिकायतों के समाधान के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकें और निरीक्षण जारी रहेंगे।

# एचपीवी वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव : सीएमओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** महिलाओं में होने वाले गंभीर रोग Cervical Cancer की रोकथाम के लिए जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद की 28,643 किशोरियों को बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर डॉक्टर दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय रहते एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से जनपद में यह विशेष अभियान 18 मार्च 2026 से शुरू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान District Women Hospital Rampur में प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान पात्र किशोरियों को Gardasil&4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस अभियान में वही किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, लेकिन 15 वर्ष की आयु अभी पूर्ण नहीं हुई है। टीकाकरण के समय अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे किशोरियों के साथ जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं। इस संबंध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के. के. चहल ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित हो सके और अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके।

# भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में सपा नेता यूसुफ मलिक पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में भ्रामक और भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला थाना गंज क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां सोशल मीडिया और कुछ समाचार माध्यमों के जरिए एक विवादित संदेश प्रसारित किए जाने की शिकायत पुलिस को प्राप्त हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 मार्च 2026 को सपा नेता यूसुफ मलिक द्वारा जेल में बंद आजम खान से मुलाकात को लेकर भ्रामक और भड़काऊ संदेश फैलाया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उक्त संदेश में यह दावा किया गया था कि जेल में बंद आजम खान ने मुलाकात के दौरान एक विशेष समुदाय के लोगों से ईद पर काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन करने की अपील की है।

शिकायत में यह भी कहा गया कि यह संदेश कुछ समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित किया गया, जिससे विभिन्न समुदायों के बीच तनाव और भय का माहौल बनने की आशंका उत्पन्न हो गई। हालांकि बाद में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि संबंधित व्यक्ति ने उक्त दिन जेल में कोई मुलाकात नहीं की थी, जिससे प्रसारित संदेश की सत्यता पर सवाल खड़े हो गए।

पुलिस का कहना है कि इस प्रकार के भ्रामक और भड़काऊ संदेश समाज में वैमनस्य फैलाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और जो भी व्यक्ति इस भ्रामक संदेश को फैलाने या प्रसारित करने में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा शालिश की महिला सर्वेश पत्नी पूरनलाल का कहना है कि उनका विद्युत कनेक्शन शहरी क्षेत्र में दर्शाया गया है जबकि वह ग्रामीण क्षेत्र ग्राम चंदपुरा सलिश में रहती है इसी के चलते उनका बिल 3 गुना ज्यादा आ रहा है बिजली विभाग वालों से काफी समय से शिकायत की जा रही है लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है महिला का कहना है की हम गरीब आदमी हैं ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं हमारा कनेक्शन बिजली वालों ने धोके से शहरी क्षेत्र का किया है महिला के कहना है महिला ने बताया कि हम गरीब आदमी हैं पैसे कहां से दें वह महिला ने बताया कि हम अपने कनेक्शन का भुगतान समय पर कर रहे थे महिला ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है

# 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी शाहरुख उर्फ युसूफ खान पुत्र खलील निवासी नरपत नगर स्वार को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0संदीप कुमार,का0 सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में एकादशी व्रत, गुरु महिमा और महारास का महत्व बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और प्रेम का संदेश दिया गया। कथा व्यास ने एकादशी व्रत की महिमा, गुरु के महत्व और भगवान श्रीकृष्ण के महारास का सुंदर वर्णन करते हुए भक्तों को आध्यात्मिक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कथा के दौरान बताया गया कि उद्धव के ज्ञान की चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि प्रेम के सामने ज्ञान भी छोटा पड़ जाता है। एकादशी व्रत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि इस व्रत को करने से अक्षय पुण्य और सुख की प्राप्ति होती है, जैसा कि सुदामा और नंद बाबा को प्राप्त हुआ था।

व्यास पीठ से गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया कि गुरु और भगवान के सामने भक्त को कभी सम्मान की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। भगवान बिना कारण भी सहायता करते हैं, जबकि मनुष्य बताकर सहायता करता है। भगवान के धाम तक पहुंचने का मार्ग गुरु के माध्यम से ही प्रशस्त होता है।

कथा में महारास का सुंदर वर्णन करते हुए बताया गया कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने कामदेव को परास्त किया था। वहीं गोपियों ने भगवान को पति रूप में पाने के लिए कात्यायनी व्रत किया था। इस प्रसंग को सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए और भजन-कीर्तन पर झूम उठे।

कथा के मुख्य यजमान श्री श्याम अग्रवाल और श्री राकेश रस्तोगी ने परिवार सहित श्रीमद् भागवत गीता एवं व्यास पीठ का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर प्रेम कुमार, रमेश गुप्ता, अंकित, प्रियांशु, रजत, नंदा, अंकुर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नरेश शर्मा, गंगा शरण यादव, राधेश्याम यादव, सुशील कुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सुबोध गुप्ता, मनोज सक्सेना, सुमन परिहार, सारिका, दीपिका, पं. सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हाईवे चोडीकरण के किनारे खड़े विद्युत पोल हटाने का कार्य जारी, नगर में अंडरग्राउंड हो रही विद्युत लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भमौरा- शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे चौड़ीकरण के लिए रोड किनारे खड़े 1545 विद्युत पोलो को हटाने का काम चल रहा है। साथ ही साथ 3 किलोमीटर के दायरे में विद्युत लाइन को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। जिसके लिए विभाग लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। शाहबाद शहर में दो प्रमुख रामपुर और बिलारी चौराहों पर विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड करने का काम चल रहा है। जिसके बाद सड़कों पर लटकी 33 हजार और 11 हजार की विद्युत लाइने जमीन के अंदर हो जाएगी। बताते चले कि शाहबाद के टांडा गांव से लेकर सैफनी तक विद्युत पोलो को हटाने का काम चल रहा है, गोंडा की एसएस इंटरप्राइजेज नामक कंपनी सड़क किनारे खड़े पोलो को हटाकर सड़क से दूर नए पोल लगा रही है। जिसके लिए लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। वही सैफनी और शाहबाद में 33 हजार की विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। जेई नौशाद अली ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद के बिजलीघर से लेकर रामपुर चौराहे, बिजलीघर से डॉक्टर विजयपाल सिंह के क्लीनिक, और बिलारी तिराहे पर अंडरग्राउंड लाइन डालने का काम चल रहा है, कई जगहों पर लगभग 3 किलोमीटर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड की जा रही है। जेई नौशाद अली ने यह भी बताया कि सोमवार को एसडीओ अलंकृत मिश्रा और वह मौके पर भी चेक करने गए थे कि कंपनी कौन सा विद्युत पोल लगा रही है। बेहतर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बिना पाइप के डाली जा रही अंडरग्राउंड केबल को पाइप समेत डालने के निर्देश दिए गए है।

# कोतवाली प्रभारी ने शहर की मस्जिदों का किया भौतिक सत्यापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद पुलिस ने शहर समेत क्षेत्रभर की मस्जिदों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान मस्जिदों में ईद की नमाज को लेकर चर्चा की गई वहीं लाउडस्पीकर की आवाज नियमानुसार रखने के निर्देश दिए। कोतवाल प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के खांची वाली मस्जिद, सफेद मस्जिद, खटपुर की मोती मस्जिद, मस्जिद काजी, तकिया, बेदान की इलाही मस्जिद और मुस्तफा मस्जिद का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान मस्जिदों के जिम्मेदारों से ईद की नमाज को लेकर बातचीत की। वहीं ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि त्यौहार पर शांति व्यवस्था कायम रखें, दूसरे की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुचाएं। भौतिक सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में जाना गया। वहीं ईद की नमाज में कितनी भीड़ रहेगी, इसकी भी जानकारी ली।

# सड़क हादसे में बाइक सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के मधुकर स्थित रिश्तेदारी से घर लौट रहे बाइक सवार भाई बहन सड़क हादसे में जख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शाहबाद के जयडोली गांव निवासी मानसुख अपनी बहन अनीता के साथ बाइक पर सवार होकर मधुकर गांव से अपने घर जयडोली लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक के आगे बकरी आ जाने से दोनों भाई बहन मार्ग में गिरकर जख्मी हो गए। जिनको राहगीरों के द्वारा शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

# क्षेत्राधिकारी द्वारा सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार को क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा क्षेत्रान्तर्गत सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक, एटीएम, एव उसके आसपास संगदिघ व्यक्ति और वाहनों की गहन चेकिंग की गई।इस दौरान बैंक में लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी अग्निशमक, यन्त्रो, हुटरों आदि की जांच की गई।साथ ही बैंक सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता ओर सुरक्षा मानकों के पालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# नए भवन में स्थानांतरित हुई जिला सहकारी बैंक की मिलक शाखा, हवन-पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

### चेयरमेन मोहन लाल सैनी समेत क्षेत्रीय नेता हुए कार्यक्रम में शामिल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर/मिलक।** रामपुर जिला सहकारी बैंक की मिलक शाखा को नए भवन में स्थानांतरित किए जाने के अवसर पर मंगलवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने हवन-पूजन कर नए भवन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने कहा कि बैंक का पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका था, जिसके कारण ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब नए भवन में आधुनिक एवं बेहतर बैंकिंग सुविधाओं के साथ ग्राहकों को आरामदायक वातावरण में सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने शाखा कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बैंक की सभी योजनाओं की जानकारी खाताधारकों और आम जनमानस तक आसानी से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग बैंक की सुविधाओं का लाभ उठा सकें। नव निर्मित भवन पूरी तरह वातानुकूलित है और इसमें ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे खाताधारकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मिलक श्रीमती अर्चना गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा गंगवार, पूर्व विधायिका श्रीमती बीना भारद्वाज, नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रेम शंकर पांडे, बैंक के डायरेक्टर नंदकिशोर गंगवार और यतेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गणेश गुप्ता, बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री प्रकाश त्रिपाठी तथा उपमहाप्रबंधक श्री ज्ञान देव गंगवार समेत शाखा स्टाफ और विभिन्न सहकारी समितियों के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नए भवन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और बैंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाखा कर्मियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया।

# आधी रात बदला मौसम: तेज आंधी-बारिश से खेतों में बिछी गेहूं की फसल, किसानों की बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में रविवार देर रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी और हल्की बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसल कई स्थानों पर जमीन पर बिछ गई, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। कई जगह तेज हवाओं के कारण पेड़ भी टूट गए।

रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और मौसम ठंडा बना रहा। दोपहर करीब 11 बजे काले बादल घिर आए और गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। इसके बाद शाम तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। देर रात करीब 12 बजे अचानक तेज आंधी चलने लगी, जिससे खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल प्रभावित हो गई। सोमवार सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो कई स्थानों पर फसल जमीन पर झुकी या बिछी हुई दिखाई दी, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आईं। हालांकि सोमवार सुबह से मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस समय गेहूं और सरसों की फसल पकने की अवस्था में है। यदि अधिक बारिश होती है तो फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार ॅमेजमतद क्पेजनतइंदबम के प्रभाव से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है और अगले एक-दो दिन तक बादल छाए रहने तथा कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# चढ़ा इश्क का बुखार, मौसी की बेटी भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवादाता**

------------

**रामपुर।** युवक पर इश्क का बुखार ऐवा चढ़ा कि रिश्तों को ही तार-तार कर दिया। इश्क के नशे में युवक अपनी सगी मौसी की बेटी को लेकर फरार हो गया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो होश उड़ गए। आखिरकार पीड़ित पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ भोट थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

आज के दौर में इश्क के बुखार में फंसे लोग रिश्तों की मर्यादा को ही तार-तार कर देते हैं। कोई अपनी चचेरी बहन के साथ अश्लील हरकत करता है तो कोई अन्य रिश्तों को कलंकित कर देता है। यह कलंक आज समाज के लिए नासूर बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला भोट थाना क्षेत्र में सामने आया है। भोट थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरैला निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि वह मौजूदा समय में उत्तराखंड के रामनगर में रह रहा है। केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम रहसैला निवासी सूरज उसके सगे साढू का बेटा है। जिस कारण उसका घर पर आना-जाना बना रहता है। इस बीच सूरज ने उसकी नाबालिग बेटी को अपने प्रेम के जाल में फांस लिया और छह मार्च को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसकी जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। दोनों को काफी तलाश करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ भोट थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# रामपुर में एसबीआई एसए की संगठनात्मक गोष्ठी आज, कई जिलों के पदाधिकारी होंगे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन (एसबीआईएसए) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक गोष्ठी का आयोजन मंगलवार 17 मार्च 2026 को शाम 5:30 बजे रामपुर मुख्य शाखा के सभागार में किया जाएगा। बैठक में बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सचिव क्षेत्र पांच धनराज ने बताया कि इस गोष्ठी में रामपुर और संभल जनपद के सदस्य भी भाग लेंगे। बैठक के दौरान बैंक कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, संगठन की मजबूती तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

उन्होंने क्षेत्र पांच, रामपुर के सभी साथियों से अपील की है कि संगठन की एकता और मजबूती को ध्यान में रखते हुए समय से बैठक में उपस्थित होकर विचार-विमर्श में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

रामपुर मुख्य शाखा एसबीआईएसए की ओर से सचिव उत्कर्षा सिंह और अध्यक्ष तनु राज सक्सेना ने भी सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया है।

